प्रमुख संयंत्रों और उपकरणों के लिए ऋयादेश

2679. **श्री अजीत जोगी :**

चौधरी हरि सिंह :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मुख्य-मुख्य संयंत्रों और उपकरणों के लिए अब तक ऋयादेश दिए गए हैं;

(ख) क्या एशिया विकास बैंक द्वारा अब भी ऋण सहायता बन्द है;

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ङ) राज्य सरकार द्वारा निवेश के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निजी क्षेत्र की प्रतिक्रिया का ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैय्या नायडू : (क) से (घ) एशिया विकास बैंक ने ऐसी किसी भी विद्युत परियोजना को बंद नहीं किया है जिसका वित्तपोषण इसके द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के क्रियान्वयन/परिचालन के अनुसार संयंत्रों और उपस्करों को खरीदने के लिए आदेशों को देना एक निरंतर प्रक्रिया है।

(ङ) 72 निजी विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं जिनकी 96562 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर कुल अधिष्ठापित क्षमता 30518.50 मेगावाट है।

सुपर ताप विद्युत संयंत्र

2688. **श्री अजीत जोगी :**

चौधरी हरि सिंह :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान पूरा किये जाने वाले सुपर ताप विद्युत संयंत्रों का राज्यवार ब्यौरा और उसके नाम क्या-क्या है;

(ख) इनकी कुल और प्रति मेगावाट अनुमानित लागत कितनी-कितनी थी;

(ग) प्रत्येक संयंत्र के लिये कितनी मात्रा में कोयले की आवश्यकता होगी;

(घ) कोयले की नियमित उपलब्धता और इसके लिये रेल-परिवहन को सुनिश्चित करने के लिये क्या प्रबन्ध किये गये हैं;

(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान इससे उड़ने वाली राख, के निपटान के लिए क्या प्रबन्ध किये गये हैं; और

(च) इनके चालू होने पर उत्पादन पर अनुमानित कितनी लागत आएगी और उत्पादन लागत में प्रति वर्ष कितनी वृद्धि होगी ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.वी. रंगैय्या नायडू) : (क) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एन टी पी सी) द्वारा 8वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पूरी की जाने वाली संभावित ताप विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नलिखित है :—

	परियोजना का नाम	क्षमता (मे.वा.)
कोयला आधारित		
(1) उत्तर प्रदेश	एन सी टी पी पी दादरी	(4× 210 मे.वा.)
(2) बिहार	कहलगांव चरण-1	(4× 210 मे.वा.)
(3) पं. बंगाल	फरक्का चरण-2	(2× 500 मे.वा.)
(4) उड़ीसा	तलचेर चरण-1	(2× 500 मे.वा.)
गैस आधारित		
(5) गुजरात	गांधार जी पी पी	(648 मे.वा.)
(6) उत्तर प्रदेश	दादरी जी पी पी	(817 मे.वा.)